# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि स्नातक स्तर पर सत्र 2019–20 अथवा उसके बाद प्रवेशित तथा स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र 2021–22 अथवा उसके बाद के प्रवेशित वार्षिक परीक्षा प्रणाली के अन्तर्गत वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जनपद– गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ एवं प्रयागराज में जो छात्र अभी तक किन्ही कारणों से उत्तीर्ण नहीं हो पाये है अथवा अनिवार्य विषय राष्ट्र गौरव एवं पर्यावरण में उत्तीर्ण नहीं है।

उपरोक्त के कम में छात्रों हेतु वर्ष 2025 अंतिम वर्ष है जिसमें वे छात्र अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा फार्म भरकर उत्तीर्ण हो सकते है उनके लिए नियमानुसार यह अन्तिम अवसर है। इसके बाद यदि कोई छात्र अपना परीक्षा फार्म नहीं भर पाता है अथवा परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है, तो उन्हें अवसर प्रदान नहीं किया जा सकता है।

उक्त के कम में उपरोक्त जनपद के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि व्यक्तिगत रुप से अपने महाविद्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर जो भी छात्र इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह है उन्हें व्यक्तिगत रुप से सूचित कर परीक्षा फार्म भराना सुनिश्चित करें, यदि किसी महाविद्यालय का कोई भी छात्र इस अंतिम अवसर से वंचित रह जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र/प्राचार्य की होगी। कृपया इसका प्राथमिकता पर अनुपालन सुनिश्चित करें तथा इस हेतु परीक्षा फार्म भरने की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षा फार्म आनलाईन भरने एवं सत्यापन की तिथि | दिनांक–21.07.2025 तक |
| 03 | परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि | दिनांक–22.07.2025 |

समस्त छात्र/छात्राओं एवं प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि अनिवार्य रुप से निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

डा0(विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकनः.. 2978 /परीक्षा सामान्य./2025 दिनांकः 16.7.25

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1 निजी सचिव कुलपति को, मा0कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

2 वित्तअधिकारी ।

3 कुलसचिव ।

4 सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।

5 सम्पादक...समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

6 प्रभारी, वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

7 प्रशा0अधिकारी, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।

8 नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**परीक्षा नियंत्रक**